लखनऊ विश्वविद्यालय
University of Lucknow
(Accredited A++ by NAAC)

# University in News on 27 December 2022

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

# लविवि : नए साल में नौकरी देने आएंगी दिग्गज कंपनियां

### सात लाख रुपये तक का मिलेगा पैकेज, गूगल फॉर्म के जरिये कल तक आवेदन का मौका

माई सिटी रिपोर्टर

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के नैक में ए प्लस प्लस ग्रेडिंग पाने के बाद विद्यार्थियों के लिए प्लेसमेंट के अवसर लगातार बढ़ रहे हैं। अब जनवरी में विप्रो, हाइक एजुकेशन व हेक्सावेयर टेक्नोलॉजी की ओर से प्लेसमेंट की तिथि तय की गई है। ये सात लाख रुपये सालाना तक के पैकेज का ऑफर लेकर आ रही हैं।

विप्रो पांच व छह जनवरी को बीए, बीबीए, बीसीए, बीएससी कंप्यूटर साइंस के विद्यार्थियों का ऑनलाइन टेस्ट लेगी। इसके लिए 350 विद्यार्थियों ने आवेदन किया है। इनका कस्टमर सर्विस रिप्रजेंटेटिव टेक्निकल पद के लिए चयन किया जाएगा। इनके द्वारा 3.08 लाख सालाना का पैकेज ऑफर किया गया है।

**लविवि से संबद्ध महाविद्यालयों के छात्रों के लिए भी होगा जॉब पाने का मौका**

दूसरी तरफ इंजीनियरिंग संकाय के विद्यार्थियों को हाइक एजुकेशन में जॉब का अवसर मिलेगा। इच्छुक अभ्यर्थी 28 दिसंबर तक गूगल फॉर्म के माध्यम से आवेदन सकते हैं। हाइक एजुकेशन कंपनी में बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर एवं बिजनेस डेवलपमेंट एक्जीक्यूटिव के पद पर बीटेक, बीसीए, एमसीए, बीबीए, बीकॉम, एमबीए के छात्र-छात्राएं निर्धारित लिंक पर जाकर आवेदन सकते हैं।

इंजीनियरिंग संकाय के प्लेसमेंट सेल प्रभारी डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि बीटेक व एमबीए के चयनित छात्रों को बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर के पद पर 6.42 से 7.02 लाख सालाना का पैकेज मिलेगा। वहीं बीसीए, एमसीए, बीबीए बीकॉम के चयनित छात्रों को बिजनेस डेवलपमेंट एक्जीक्यूटिव के पद पर 5.82 लाख रुपये सालाना का पैकेज मिलेगा। इसी क्रम में हेक्सावेयर टेक्नोलॉजीज ने विश्वविद्यालय और संबद्ध महाविद्यालयों के बीसीए व बीएससी कंप्यूटर साइंस के छात्रों को जॉब ऑफर की है।

डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि ने बताया कि कंपनी बीसीए व बीएससी कंप्यूटर साइंस के छात्रों को इंफ्रास्ट्रक्चर मैनेजमेंट सपोर्ट के पद पर चयनित करेगी। इन्हें तीन लाख सालाना का पैकेज दिया जाएगा। इसके लिए आवेदन 28 दिसंबर तक होंगे। आवेदक के स्नातक में 60 फीसदी से अधिक नंबर होने चाहिए।

# लविवि : पूर्व छात्र सम्मानित, साथियों के साथ यादें कीं ताजा


माई सिटी रिपोर्टर

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के आर्ट्स कॉलेज के 111वें स्थापना दिवस पर आयोजित तीन दिवसीय 'कला समागम-2022' का रविवार को रंगारंग समापन हुआ। अंतिम दिन कॉलेज के 11 पूर्व विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। वर्तमान छात्रों ने गीत, संगीत व नृत्य की प्रस्तुतियां देकर सभी को विदाई दी।

**आर्ट्स कॉलेज के स्थापना दिवस समारोह का समापन**

कार्यक्रम की शुरुआत में पूर्व विद्यार्थियों ने कॉलेज में बिताए अपने पुराने दिनों को साझा किया। अपने अनुभव भी विद्यार्थियों के साथ बांटे। कहा कि हमने होटल की जगह छात्रावास को ही अपना ठिकाना बनाया और पुराने दिनों को जिया भी। उन्होंने कहा कि एल्युमिनाई एसोसिएशन इसका आयोजन हर साल करे और हम सभी इसमें सहभागी होंगे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मीर जफर अली व विशिष्ट अतिथि अजय मिश्रा और अतुल रस्तोगी ने कॉलेज के 11 पूर्व विद्यार्थियों का सम्मानित किया।




कार्यक्रम में प्रस्तुति देते छात्र। -संवाद

■ *इनको किया सम्मानित :* गौरी शंकर 1951, पद्मश्री प्रो. श्याम शर्मा 1966, कृष्ण गोपाल सिंह 1962, जय किशन अग्रवाल 1966, पृथ्वीपाल सिंह 1966, अखिलेश निगम 1966, राजेश सिन्हा 1976, दिनेश नाग 1970, एमके कदम 1975, मो. शकील अहमद 1974, अजय मिश्रा 1979, चंद्रकांत पालीवाल 1979, उमेश कुमार सक्सेना 1979, मनोहर लाल भूगरा। साथ ही राज्य ललित कला अकादमी और एल्युमिनाई एसोसिएशन के अध्यक्ष सीताराम कश्यप, उपाध्यक्ष विभाष पांडेय, शशिभाल सिंह, गोविंद वर्मा, शेफाली कपूर का भी सम्मान किया गया।

### बीएससी केमिस्ट्री के प्रैक्टिकल 24 से

**लखनऊ।** लविवि में बीएससी केमिस्ट्री तीसरे व पांचवें सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 24 जनवरी को सुबह 09 बजे से शुरू हो रही हैं। विभागाध्यक्ष प्रो. अनिल मिश्रा ने बताया कि बीएससी पांचवें सेमेस्टर की परीक्षाएं 24 व 25 को व तीसरे सेमेस्टर की 28, 30 व 31 जनवरी को होंगी। विद्यार्थी अपनी आईडी, फीस रसीद आदि के साथ निर्धारित समय से 30 मिनट पहले लैब में उपस्थित हों। (माई सिटी रिपोर्टर)

## HINDUSTAN PAGE 6

# पूर्व छात्रों के सम्मान के साथ समागम विदा

लखनऊ। कला एवं शिल्प महाविद्यालय का तीन दिवसीय स्थापना दिवस समारोह पूर्व छात्रों के सम्मान के साथ खत्म हुआ। महाविद्यालय में 11 पूर्व विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। समारोह में पूर्व विद्यार्थी गौरी शंकर (1951), पदमश्री प्रो श्याम शर्मा (1966), कृष्ण गोपाल सिंह (1962), जय किशन अग्रवाल (1966), पृथ्वीपाल सिंह (1966), अखिलेश निगम (1966), राजेश सिन्हा (1976) आदि को मुख्य अतिथि मीर जफर अली ने सम्मानित किया।

# रसायन प्रायोगिक परीक्षा 24 से होगी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में बीएएसी तीसरे और पांचवे सेमेस्टर के केमिस्ट्री के प्रैक्टिकल 24 से 28 जनवरी तक होंगे। विभागाध्यक्ष प्रो. अनिल मिश्रा ने बताया कि पांचवे सेमेस्टर के छात्रों की प्रायोगिक परीक्षा 24 और 25 जनवरी एवं तीसरे सेमेस्टर के प्रैक्टिकल 28, 30 और 31 जनवरी को होंगे।

**नौ से पांच बजे की बीच लैब में होंगे प्रैक्टिकल:** प्रैक्टिकल सुबह नौ से पांच बजे तक केमिस्ट्री विभाग की लैब में होंगे। छात्रों को समय से पहले प्रैक्टिकल परीक्षा के लिए आना होगा।

## JAGRAN CITY PAGE III

### प्रशिक्षण कार्यशाला आज

**जासं, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के वन्य जीव विज्ञान संस्थान, उत्तर प्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड की ओर से मंगलवार को प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन सुहेलवा वन्य जीव अभयारण्य पूर्वी सोहेलवा रेंज में किया जाएगा। वन्य जीव विज्ञान संस्थान की प्रोफेसर अमिता कनौजिया ने बताया कि "उत्तर प्रदेश की क्षमता निर्माण एवं गिद्ध मानचित्रीकरण" विषय पर होने वाले कार्यशाला में गिद्धों की पहचान के तरीके भी बताए जाएंगे। (जासं)

### बी.एससी केमिस्ट्री के प्रैक्टिकल 24 से

**जासं, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय ने बी.एससी केमिस्ट्री तीसरे व पांचवें सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षाओं का कार्यक्रम सोमवार को जारी कर दिया। बीएससी पांचवें सेमेस्टर की परीक्षाएं 24 व तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 28 जनवरी से होंगी। विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर परीक्षा कार्यक्रम देख सकते हैं। केमिस्ट्री विभाग के हेड प्रो. अनिल मिश्रा ने बताया कि बीएससी पांचवें सेमेस्टर की परीक्षाएं 24 और 25 जनवरी को सुबह नौ से शाम पांच बजे तक होंगी। वहीं, तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 28, 30 व 31 जनवरी को होगी। सभी परीक्षाएं विभाग की लैब में होंगी। एग्जेम्प्टेड छात्र-छात्राओं को 500 रुपये कैशियर आफिस में जमा करके उसकी रसीद लेकर आना है।

## i-NEXT PAGE 4

# केमिस्ट्री के प्रैक्टिकल एग्जाम 24 से

**एलयू में बीएससी केमिस्ट्री के प्रैक्टिकल एग्जाम की डेट घोषित**

**LUCKNOW (26 Dec):** लखनऊ विश्वविद्यालय ने बीएससी केमिस्ट्री तीसरे व पांचवें सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षाओं का कार्यक्रम सोमवार को जारी कर दिया. बीएससी पांचवें सेमेस्टर की परीक्षाएं 24 जनवरी और तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 28 जनवरी से आयोजित की जाएंगी. स्टूडेंट्स विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर परीक्षा कार्यक्रम और विस्तृत निर्देश देख सकते हैं.

**फीस रसीद लेकर आना होगा**

उन्होंने बताया कि प्रयोगात्मक परीक्षा में शामिल होने के लिए हर स्टूडेंट्स को अपनी आईडी एवं फीस रसीद लेकर आना होगा. एग्जेम्प्टेड स्टूडेंट्स को 500 रुपए कैशियर आफिस में जमा करके उसकी रसीद लेकर आना है. बीएससी केमिस्ट्री की प्रयोगात्मक परीक्षा के लिए स्टूडेंट्स को आधा घंटा पहले पहुंचना होगा.

**सुबह 9 बजे से होंगे प्रैक्टिकल**

केमिस्ट्री विभाग के हेड प्रो. अनिल मिश्रा ने बताया कि बीएससी पांचवें सेमेस्टर की परीक्षाएं 24 और 25 जनवरी को सुबह नौ से शाम पांच बजे तक होंगी. इसके सेक्शन भी तय कर दिए गए हैं. वहीं, तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 28, 30 व 31 जनवरी को होगी. सभी परीक्षाएं विभाग की लैब में होंगी. स्टूडेंट्स को नियमों का पालन करना होगा.

## PIONEER PAGE 3

# कला व शिल्प महाविद्यालय का मनाया गया स्थापना दिवस

● **11 पूर्व विद्यार्थियों का किया गया सम्मान**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**कला एवं शिल्प महाविद्यालय** के 111वें स्थापना दिवस के मौके पर आयोजित तीन दिवसीय कला समागम-2022 के अंतिम दिन सोमवार को महाविद्यालय में 11 पूर्व विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के तीसरे दिन आज पूर्व विद्यार्थियों ने अपनी भूली बिसरी यादों को साझा किया और अपने अनुभवों को वर्तमान विद्यार्थियों के साथ बांटा। मुख्य अतिथि मीर जफर अली थे। जबकि अजय मिश्रा और अतुल रस्तोगी विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद थे। समापन समारोह में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। इसके साथ ही आज डांस प्रतियोगिता और सिंगिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अंतिम दिन विद्यार्थियों की तरफ से कार्यक्रम के संचालन के लिए राज्य ललित कला अकादमी और एल्युमिनी एसो. के अध्यक्ष सीताराम कश्यप, उपाध्यक्ष और मीडिया प्रभारी विभाष पांडे, शशिभाल सिंह, गोविंद वर्मा, शेफाली कपूर, आकाश पांडे, श्रुति कौशिक, रविकांत पांडे, किरन, सुशील गुप्ता, मुकेश पांडे, शुचिता सिंह का सम्मान किया गया। महाविद्यालय के 11 पूर्व विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा गौरी शंकर, प्रो श्याम शर्मा, कृष्ण गोपाल सिंह, जय किशन अग्रवाल, पृथ्वीपाल सिंह, अखिलेश निगम, राजेश सिन्हा, दिनेश नाग, एम के कदम, मो शकील अहमद, अजय मिश्रा, चंद्रकांत पालीवाल, उमेश कुमार सक्सेना, मनोहर लाल भूगरा का सम्मान किया गया। एल्युमिनी एसो. उपाध्यक्ष और मीडिया प्रभारी विभाष पांडे ने बताया कि कई तरह के रंगारंग कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। जिसमें वर्तमान छात्र और छात्राओं ने हिस्सा लिया।

## RASHTRIAYA SAHARA PAGE 6

# कला एवं शिल्प महाविद्यालय में पूर्व छात्रों का सम्मान



लखनऊ (एसएनबी)। कला एवं शिल्प महाविद्यालय के 111वें स्थापना दिवस पर आयोजित तीन दिवसीय कला समागम-2022 के अंतिम दिन महाविद्यालय में 11 पूर्व विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। तीसरे दिन पूर्व विद्यार्थियों ने अपनी भूली विसरी यादों को साझा किया और अपने अनुभवों को वर्तमान विद्यार्थियों के साथ वांटा। पूर्व छात्रों ने कहा कि वह अपनी पुरानी यादों में खो गए हैं और इस कार्यक्रम को आयोजित करने के लिए उन्होंने महाविद्यालय और एल्युमिनी एसोसिएशन का आभार जताया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मीर जफर अली थे, जवकि अजय मिश्रा और अतुल रस्तोगी विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद थे।

वहीं आज कार्यक्रम में महाविद्यालय के 11 पूर्व विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। इसमें मुख्य अतिथि द्वारा गौरी शंकर (1951), प्रो. श्याम शर्मा (पदमश्री) (1966), कृष्ण गोपाल सिंह (1962), जय किशन अग्रवाल (1966), पृथ्वीपाल सिंह (1966), अखिलेश निगम (1966), राजेश सिन्हा (1976), दिनेश नाग 1970, एम.के. कदम (1975), मो. शकील अहमद (1974), अजय मिश्रा (1979), चंद्रकांत पालीवाल (1979), उमेश कुमार सक्सेना (1979), मनोहर लाल भूगरा का सम्मान किया गया। महाविद्यालय में कई तरह के रंगारंग कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जिसमें वर्तमान छात्र और छात्राओं ने हिस्सा लिया।

## AMRIT VICHAR PAGE 4

# पूर्व छात्रों ने साझा किए अनुभव

अमृत विचार संवाददाता

**स्थापना दिवस**

**लखनऊ।** लखनऊ के कला एवं शिल्प महाविद्यालय के 111वें स्थापना दिवस के मौके पर आयोजित तीन दिवसीय कला समागम-2022 के अंतिम दिन आज महाविद्यालय में 11 पूर्व विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के तीसरे दिन पूर्व विद्यार्थियों ने अपनी भूली बिसरी यादों को साझा किया और अपने अनुभवों को वर्तमान विद्यार्थियों के साथ बांटा। पूर्व छात्रों ने कहा कि वह अपनी पुरानी यादों में खो गए हैं और इस कार्यक्रम को आयोजित करने के लिए उन्होंने महाविद्यालय और एल्युमिनी एसोसिएशन का आभार जताया।

आज कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मीर जफर अली थे। जबकि कार्यक्रम में अजय मिश्रा और अतुल रस्तोगी विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद थे। आज समापन समारोह में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। इसके साथ ही नृत्य व गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समारोह के अंतिम दिन विद्यार्थियों की तरफ से कार्यक्रम के संचालन के लिए राज्य ललित कला अकादमी और एल्युमिनी एसोसिएशन के अध्यक्ष सीताराम कश्यप, उपाध्यक्ष और मीडिया प्रभारी विभाष पांडे, शशिभाल सिंह, गोविंद वर्मा, शेफाली कपूर, आकाश पांडे, श्रुति कौशिक, रविकांत पांडे, किरन, सुशील गुप्ता, मुकेश पांडे, शुचिता सिंह का सम्मान किया गया।

वहीं आज महाविद्यालय के 11 पूर्व विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। इसमें मुख्य अतिथि द्वारा गौरी शंकर (1951), प्रो. श्याम शर्मा (पदमश्री) (1966), कृष्ण गोपाल सिंह (1962), जय किशन अग्रवाल (1966), पृथ्वीपाल सिंह (1966), अखिलेश निगम (1966), राजेश सिन्हा (1976), दिनेश नाग 1970, एम के कदम (1975), मो. शकील अहमद (1974), अजय मिश्रा (1979), चंद्रकांत पालीवाल (1979), उमेश कुमार सक्सेना (1979), मनोहर लाल भूगरा का सम्मान किया गया।

एल्युमिनी एसोसिएशन उपाध्यक्ष और मीडिया प्रभारी विभाष पांडे ने बताया कि आज महाविद्यालय में कई तरह के रंगारंग कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। जिसमें वर्तमान छात्र और छात्राओं ने हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि पिछले दिन दिनों तक महाविद्यालय के वर्तमान और पूर्व विद्यार्थियों ने एक दूसरे के साथ अपने अनुभवों को बांटा।